⑧ Instrum
Forest Protection
अवैध कटाई
अतिक्रमण

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–संरक्षण)

सतपुड़ा भवन, म0प्र0 भोपाल
Tel. (Office)2674212,2551450(Fax) 2551450,Email:Apcfprot@mpforest.org

क्रमांक / एफ–14 / / 1092 भोपाल, दिनाक 5 / 4 / 2014

पृ.क्रं.-	
पिछला	अगला

प्रति,

समस्त मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय)
वन वृत्त म0प्र0

विषयः वन क्षेत्र में अवैध कटाई एवं अतिक्रमण की सख्ती से रोकथाम बाबत् ।

हाल ही में कतिपय वन मण्डलों में सामुहिक रूप से वन क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण करने के प्रयास की घटनाएं प्रकार में आई है, इस प्रकार की घटनाओं की सख्ती से रोकथाम के लिए आवश्यक सभी उपाए किए जावें ।

1. वन क्षेत्रों में प्रायः माह अप्रेल–मई में अवैध कटाई कर अवैध अतिक्रमण कर खेती के लिए क्षेत्र की जुताई करने के प्रयास किए जाते है। अतः संबंधित बीट गार्ड, परिक्षेत्र सहायक एवं परिक्षेत्र अधिकारियों को उनके प्रभार के वन क्षेत्र में सतत गश्त करने, उड़नदस्तों एवं वन चौकियों के अमले को सतर्क रहते हुए वन क्षेत्रों में लगातार सघन गश्त कराना सुनिश्चित करें। वन समितियों के सहयोग से उनको आवंटित वन क्षेत्रों में सुरक्षा करने, फायर वाचर, वन सुरक्षा केम्पों एवं अन्य किसी भी रूप में वन क्षेत्रों में कार्य पर रखे गये चौकीदारों के सहयोग से भी इस प्रकार की घटनाओं पर सख्ती से रोकथाम की जावे।
2. माह जून–जुलाई (वर्षा ऋतु) में अतिक्रमणकारियों द्वारा वन क्षेत्रों में बीज बुआई का कार्य किया जाता है, इसको भी सजग रहते हुए सख्ती से रोका जावे।
3. मुखबिर तंत्र को सुदृढ़ बनावें जिससे इस प्रकार की घटनाओं की समय रहते सूचना मिल जाए एवं Proactive Role निभाते हुए वन क्षेत्रों में अवैध कटाई एवं अवैध अतिक्रमण को रोका जावे।
4. यदि कहीं अवैध अतिक्रमण के प्रयास किये जाते हैं तो अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही एवं बेदखली की कार्यवाही तत्काल रूप से की जाए। घटना को जिले की टास्क फोर्स के ध्यान में लाया जाकर अतिक्रमण की रोकथाम एवं बेदखली में प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जावे।

5.4.14
(रवि श्रीवास्तव)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण)
म.प्र. भोपाल

क्र. / एफ–14 / बजट / – 1093 भोपाल, दिनांक / 5 / .04.2014
प्रतिलिपि :– समस्त वन मण्डलाधिकारी(क्षेत्रीय) म0प्र0 की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

5.4.14.
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण)
म.प्र. भोपाल